प्रेस नोट

विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ शशी पूनम जी के पर्यवेक्षण और विभाग के सदस्य डॉ श्वेता शर्मा एवं डॉ जयकांत सिंह सहायक आचार्य के निर्देशन में समाजकार्य विभाग के छात्रों ने शिवनाथ गांव मैं जाकर पंचायत और महिला मंडल के सदस्यों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया गया और पर्यावरण तथा पानी की महत्ता के बारे मैं जागरुकता अभियान चलाया गया। और समाजकार्य विभाग के छात्रों द्वारा, इस वर्ष कम से कम सौ पेड़ लगाने का प्रण लिया गया जिसकी शुरुआत आज पर्यावरण दिवस के मोके पे शिवनाथ गांव की पाठशाला और पंचायत घर मैं वृक्षारोपण करके की गयी।

05/06/2024 समाज कार्य विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र सीजीश के आर, अभिरामी, अखिल असोकन, ईशानी ने मिलकर शिवनाथ गांव मैं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर लोगों को जागरूक किया जिसमें गांव के सभी वर्ग के लोगों ने हमारा साथ दिया। इस दौरान हमने गांव के लोगों से पर्यावरण संरक्षण के बारे मैं बात चीत की, उनसे इस बारे मैं उनकी राय और उनके सुझाव भी लिए गये। वो किस तरह से अपनी दिनचर्या मैं थोड़ा सा बदलाव लाकर पर्यावरण को सही बनाने मैं अपना योगदान दे सकते हैं इस बारे मैं भी चर्चा की गयी। इसके बाद राजकीय प्राथमिक पाठशाला और राजकीय माध्यमिक पाठशाला मैं विद्यार्थियों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया।